# राष्ट्रीय सूचना - विज्ञान केन्द्र लखनऊ, उत्तर प्रदेश

## राज्य समन्वयक की NIC उत्तर प्रदेश अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

राज्य समन्वयक,एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश, डॉ राजेश कुमार मिश्रा, उप महानिदेशक ने राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, उत्तर प्रदेश, समूह प्रमुखों तथा राज्य के सभी 75 जिलों के जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों के साथ अपना प्रथम संवादात्मक सत्र 9 फ़रवरी 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा आयोजित किया। श्री आशेष कुमार अग्रवाल, उप महानिदेशक एवं एस०आई०ओ, उत्तर प्रदेश ने उन्हें राज्य में की गई पहलों के बारे में अवगत कराया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों ने राज्य समन्वयक को सेफर इंटरनेट डे के आयोजन हेतु जिलों में की जा रही तैयारियों की जानकारी दी|अधिकारीयों ने जिलों में नेटवर्क, हार्डवेयर एवं मानव संसाधन से संबंधित प्रमुख समस्याओं को भी अवगत कराया। इस पर एस०आई०ओ ने बताया कि लैपटॉप एवं डेस्कटॉप की आपूर्ति एन०आई०सी० मुख्यालय द्वारा उपलब्ध स्टॉक एवं आवश्यकता के अनुसार की जा रही है। राज्य समन्वयक ने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि नेटवर्क संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु फाइल एन०आई०सी० मुख्यालय स्तर पर अग्रसारित कर दी गई है। पूरे सत्र के दौरान राज्य समन्वयक ने जिलों की बातों को धैर्यपूर्वक सुना।




डॉ राजेश कुमार मिश्रा, उप महानिदेशक एवं राज्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश



राज्य समन्वयक ने सभी जिलों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित प्रारूप के अनुसार सेफर इंटरनेट डे की गतिविधियों का आयोजन करें, उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें, मीडिया कवरेज हेतु इन पहलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट एवं गतिविधियों का रिकॉर्ड एन०आई०सी० मुख्यालय को प्रेषित करें।। उन्होंने जिलों द्वारा किए गए सॉफ्टवेयर विकास एवं मास्टर डेटाबेस निर्माण से संबंधित योगदान भी भेजने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) अधिनियम, 2023 के अनुपालन को मार्च 2027 तक समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने, उभरती प्रौद्योगिकियों में क्षमता निर्माण, तथा जिलों में विभिन्न विभागों के साथ बेहतर समन्वय विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने मुख्यालय को जिलों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों एवं भविष्य की कार्ययोजना से नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।सभी जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों  को निर्देशित किया गया है कि वे जिला केंद्र की स्थापना से अब तक कार्यरत रहे DIOs की कालानुक्रमिक सूची तैयार कर प्रदर्शित करें, क्योंकि वर्तमान में ऐसे अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं।इसी प्रकार पूर्व में जिले द्वारा किये गए आई०टी० सम्बन्धी कार्यों का भी संकलन करने का निर्देश दिया गया |

सत्र के अंत में एसआईओ, उत्तर प्रदेश ने राज्य समन्वयक, समूह प्रमुखों एवं सभी जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही जिलों को अपने-अपने वेबसाइट पर प्राप्त पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। एसआईओ, उत्तर प्रदेश ने 26–27 फरवरी 2026 को प्रस्तावित जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सम्मेलन की जानकारी भी दी, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों एवं मुख्यालय अधिकारियों द्वारा तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, तथा राज्य समन्वयक से कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने का अनुरोध किया।





# Review Meeting through Video Conferencing by

## State Coordinator - Uttar Pradesh

The newly appointed State Coordinator of NIC ,Uttar Pradesh, Dr. Rajesh Kumar Mishra, DDG held his first interactive session with the State Informatics Officer Uttar Pradesh, Group Heads, and District Informatics Officers from all 75 districts of the state through Video Confrencing. Shri Ashesh Kumar Agarwal, DDG and SIO, Uttar Pradesh, briefed him about the initiatives undertaken in the state.During the interaction, the DIOs briefed the State Coordinator on the preparations being undertaken at the district level for the observance of Safer Internet Day. They also highlighted key challenges related to network connectivity, hardware availability, and manpower constraints.




Dr. Rajesh Kumar Mishra , DDG and Uttar Pradesh State Cordinator



In this regard, the SIO informed that the supply of laptops and desktops is being carried out by the NIC Headquarter as per availability of stock and district requirements.. The State Coordinator further apprised the participants that the file to resolve network-related issues has already been moved at the Headquarters level. Throughout the session, the State Coordinator patiently listened to the concerns raised by the districts.

The State Coordinator instructed all districts to conduct Safer Internet Day activities strictly as per the prescribed format, ensure their effective execution, widely propagate the initiatives for media coverage, and submit detailed reports along with event footprints to the NIC Headquarter. He also emphasized the need to report district-wise contributions in terms of software development and master database creation.He underlined the importance of implementing the Digital Personal Data Protection (DPDP) Act, 2023 in a time-bound manner by March 2027, along with a strong focus on capacity building across emerging technologies. He further advised districts to strengthen collaboration with line departments and keep the Headquarters informed about past developments as well as future roadmaps.All DIOs have been instructed to prepare and display a chronology of DIOs from the establishment of the district centre onwards, as such records are not maintained presently.Similarly, instructions were given to compile the IT-related works undertaken earlier by the district.

Concluding the session, the SIO thanked the State Coordinator, Group Heads and all participating DIOs/DIAs. The districts were instructed to display awards and appreciation received on their respective websites. The SIO also informed the State Coordinator about the proposed in-person DIO Meet scheduled for 26–27 February 2026, which will include technical sessions by industry experts and officials from Headquarters, and requested him to grace the event with his auspicious presence.





# Gallery/गैलरी




UP-Chitrakoot
D web


रामपुर
NIC GONDA
NIC DEORIA
NIC BASTI
UP-Deoria


KANPUR NAGAR
COLLECTORATE AZAMGARH
UP-KanpurNagar
UP-Azamgarh


UP-KanpurNagar
UP-Azamgarh
D web
NIC SAHARANPUR
UP-Saharanpur
UP-Mirzapur




रामपुर
NIC GONDA
NIC DEORIA
NIC BASTI
UP-Deoria


उत्तर प्रदेश शासन